देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 188 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**बिहार से बेरुखी की वजह



देहरादून, बुधवार, 28 अक्टूबर 2020

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0⁰ न्यूनतम 14.0⁰

37244.59

2 तुर्की की धमकी, नहीं झुका फ्रांस

7 रोहित के बारे में जानने के सभी हकदार

## संक्षिप्त समाचार

### आजादी के बाद पहली बार बनी ऐसी योजना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री सड़क विक्रेता से आत्मानिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि योजना) के लाभार्थियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। लाभार्थियों से बात करने के बाद अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि मैंने स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से संवाद करते हुए ये अनुभव किया कि सभी को खुशी भी है और आश्चर्य भी है। पहले तो नौकरी वालों को लोन लेने के लिए बैंकों के चक्कर लगाने होते थे, गरीब आदमी तो बैंक के भीतर जाने का भी नहीं सोच सकता था। लेकिन आज बैंक खुद आ रहा है। उन्होंने बैंक कर्मियों को धन्यवाद दिया और उनके काम की सराहना की।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की निगरानी में सारी जांच करेगी सीबीआइ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। हाथरस के चंदपा थाना क्षेत्र के बूलगढ़ी गांव में दलित युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के दौरान बर्बरता के कारण मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपना निर्णय सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का सभी को बेसब्री से इंतजार था। सुप्रीम कोर्ट ने अब हाथरस का बड़ा मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट को भेज दिया है।

### जांच के नाम से इतना क्यों तिलमिला रहे हैं नीतीश कुमारः चिराग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा की ओर से जमूरा कहे जाने पर एलजेपी प्रमुख चिराग पासवान ने मंगलवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर पलटवार किया। चिराग ने कहा कि मुझे जमूरा कहा जा रहा है। अगर मैं जमूरा हूं तो मदारी कौन है? मुझे ये कहा जा रहा है कि मैं प्रधानमंत्री के इशारे पर काम कर रहा हूं। यानी अगर आप मुझे जमूरा कह रहे हैं तो आप किसका अपमान कर रहे हैं। आप मुझे जमूरा कहकर प्रधानमंत्री का अपमान कर रहे हैं।

# भारत-अमेरिका में हुई ऐतिहासिक डील

## भारत-अमेरिका ने बीईसीए डील पर किए हस्ताक्षर किए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में तीसरी 22 मंत्री स्तरीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट समेत कई अहम समझौते हुए। इसके अलावा परमाणु सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देशों के बीच सहमति बनी। टू प्लस टू बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोंपियो व रक्षा मंत्री मार्क एस्पर अपने भारतीय समकक्षों एस. जयशंकर और राजनाथ सिंह के साथ अहम मुद्दों पर बातचीत की।

रक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव जीवेश नंदन ने भारत की ओर से बीईसीए समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते से भारत को अमेरिकी क्रूज मिसाइलों व बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी तकनीक मिलने का रास्ता आसान हो जाएगा। साथ ही भारत अमेरिका

### हैदराबाद हाउस में तीसरी 22 मंत्री स्तरीय बैठक हुई

से संवेदनशील सेटेलाइट डाटा भी ले सकेगा इससे दुश्मन देशों की हर गतिविधि पर करीब से नजर रखी जा सकेगी।

बैठक के बाद साझा बयान जारी कर भारत और अमेरिका ने अपनी सहयोग को बढ़ने का संकल्प लिया। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने कहा कि अमेरिका और भारत चीनी कम्युनिस्ट पार्टी समेत सभी तरह के खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने के लिए कदम उठा रहे हैं। पिछले साल हमने साइबर मुद्दों पर अपने सहयोग का विस्तार किया है, हमारी नौसेनाओं ने हिंद महासागर में संयुक्त अभ्यास में मदद की है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ऐसे समय में जब नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, भारत और अमेरिका की रक्षा और विदेश नीति में निकटता से काम करने की क्षमता है। क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों की बात करें तो हम एक वास्तविक अंतर बना सकते हैं। अमेरिकी रक्षा सचिव मार्क एस्पर ने कहा, श्हमने पिछले वर्ष के दौरान विशेष रूप से अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत किया है। हमारा सहयोग एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के सिद्धांतों की चुनौतियों को पूरा करता है।

**चीन को लगी मिर्चीः** पोम्पियो के बयानों से चीन को मिर्ची लग गई है। उसने कहा कि पोम्पियो को पेइचिंग और क्षेत्र के देशों के बीच विवादों का बीज बोना बंद करना चाहिए। चीन को खतरा बताए जाने से जुड़े सवाल पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि पोम्पियो के चीन पर हमले और आरोप कोई नई बात नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि ये निराधार आरोप बताते हैं कि वह अभी कोल्ड वॉर की मानसिकता से ही लिपटे हुए हैं।



### सूचना साझाकरण में नए रास्ते खुलेंगेः रक्षामंत्री

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें खुशी है कि हमने बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट पूरा कर लिया है, जिससे सूचना साझाकरण में नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हुआ है। हम उद्योगों और सेवा क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी साझेदारी वर्तमान चुनौतियों के मद्देनजर और महत्वपूर्ण हो जाती है। हम दोनों नियम-आधारित आदेश और लोकतंत्र में विश्वास करते हैं।

# कोरोना के बीच सरकार ने रखा 'महफूज' कदम

## अनलॉक-5: कंटेनमेंट क्षेत्रों में 30 नवंबर तक लॉकडाउन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के बीच कई गुड न्यूज हैं। तसल्ली देने वाली खबर यह भी है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना के संक्रमण के मामले में पिछले दिनों की अपेक्षा कमी आई है। खुशखबरी यह भी कि देश में ऐक्टिव केस की संख्या भी घट रही है। हालांकि, इन सबके बावजूद केंद्र की मोदी सरकार कोरोना संक्रमण को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहती है। सरकार ने अनलॉक-5 के मद्देनजर गाइडलाइंस जारी की हैं। इसमें क्या कहा गया है यह भी जान लीजिए।

गृह मंत्रालय की ओर से कोरोना महामारी को देखते हुए अनलॉक-5 की गाइडलाइंस को जारी करते हुए अपने 30 सितंबर के आदेशों को ही लागू रखा गया है। कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने कोरोना गाइडलाइंस के मद्देनजर 30 सितंबर को जो आदेश लागू किया था, वह अब 30 नवंबर 2020 तक प्रभाव में रहेगा। गृह मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि राज्य में या राज्य से वस्तुओं और लोगों के आवागमन पर किसी भी तरह का कोई भी प्रतिबंध नहीं होगा। इन कार्यों के लिए किसी तरह की विशेष इजाजत/अनुमोदन या फिर ई-परमिट की आवश्यकता नहीं होगी।

**सावधानी की जरूरतः** राजेश भूषण ने कहा, कोरोना के 78 फीसदी ऐक्टिव मामले 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। पिछले 24 घंटों में 58 फीसदी नई मौतें पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक) में दर्ज की गई हैं।श उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली में कोरोना के मामलों में वृद्धि हुई है।

### यह है अच्छा संकेत

कंटेनमेंट जोन में 30 नवंबर तक सख्ती से लॉकडाउन का पालन कराया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के सचिव राजेश भूषण ने कोरोना की स्थिति को लेकर कहा, पिछले पांच हफ्तों से देखा जा रहा है कि कोरोना से होने वाली नई मौतों की संख्या में लगातार कमी आई है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में अब रिकवरी रेट 90.62 फीसदी पहुंच गया है। यह लगातार बढ़ रहा है, जो कि एक अच्छा संकेत है।

# कश्मीर में बनाएं अपने सपनों का आशियाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में भूमि स्वामित्व अधिनियम संबंधी कानून में बड़ा संशोधन किया है। इसके मुताबिक अब देश का कोई भी नागरिक जम्मू-कश्मीर में अपने घर या कारोबार के लिए जमीन खरीद सकता है। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए के प्रावधान खत्म होने के बाद इस बात की पूरी संभावना थी कि जल्द ही कश्मीर में जमीन की खरीद-फरोख्त की इजाजत भी दे दी जाएगी।

अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर की एक अपनी अलग संवैधानिक व्यवस्था थी। उसके तहत जम्मू-कश्मीर के सिर्फ स्थायी नागरिकों (जिनके पास राज्य का स्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र हो) को ही जमीन खरीदने की अनुमति थी। किसी अन्य राज्य का कोई नागरिक चाहकर भी जम्मू-कश्मीर में अपने घर, दुकान, कारोबार या खेतीबाड़ी के लिए जमीन नहीं खरीद सकता था।

### नए कानून

■मोदी सरकार ने दी नए भूमि कानून को मंजूरी

**खेती वाली भूमि सिर्फ राज्य के निवासियों के लिएः** सोमवार शाम केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत देश के किसी भी राज्य का कोई भी नागरिक अब बिना किसी मुश्किल मकान-दुकान बनाने या कारोबार के लिए जमीन खरीद सकता है।

इसके लिए अब किसी भी तरह के डोमिसाइल या स्टेट सब्जेक्ट की औपचारिकता की जरूरत नहीं होगी। हालांकि डोमिसाइल की अनिवार्यता सिर्फ कृषि भूमि की खरीद के लिए होगी।

**गृह मंत्रालय ने जारी किया विस्तृत आदेशः** गृह मंत्रालय ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि इस आदेश को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (केंद्रीय कानूनों का अनुकूलन) तीसरा आदेश, 2020 कहा जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# 18 अपराधियों को भारत ने घोषित किया आतंकवादी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को पाकिस्तान में बैठे भगोड़े आतंकियों या उनके सहयोगियों को आतंकवादी घोषित कर दिया है। इनमें 1993 मुंबई सीरियल बम धमाकों, 26/11 मुंबई हमले, 2019 पुलवामा हमला, 2016 पठानकोट आईएएफ बेस अटैक, 1999 आईसी-814 इंडियन एयरलाइंस हाइजैकिंग, इंडियन मुजाहिद्दीन हमले और जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में शामिल आतंकी हैं।

इसके अलावा हिजबुल मुजाहिद्दीन का सरगना सैयद सलाहुद्दीन, लश्कर-ए-तैयबा का मुखिया हाफिज सईद का रिश्तेदार अब्दुर रहमान मक्की, जैश-ए-मोहम्मद का चीफ मौलाना मसूद अजहर का भाई अब्दुल रउफ असगर, आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन का संस्थापक रियाज भटकल और उसका भाई इकबाल भटकल और अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का दाहिना हाथ छोटा शकील और डी कंपनी में दो अन्य टाइगर मेमन और जावेद चिकना शामिल हैं।

### पहले संगठनों को आतंकी संगठन घोषित किया जा सकता था